निर्देश (प्र. सं. 1 से प्र. सं. 5) : निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और प्रश्नों के उत्तर दें ।

नीचे दिए गए पाई चार्ट पाँच अलग-अलग महीनों यानी जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल और मई में निर्मित कुर्सियों (व्हील और ऑफीस) की कुल संख्या का प्रतिशत वितरण दर्शाता है और साथ ही दिए गए टेबल चार्ट पाँच अलग-अलग महीनों में निर्मित व्हील कुर्सियों की संख्या का ऑफीस कुर्सियों से अनुपात दर्शाता है ।

Direction (Q. No. 1 to Q. No. 5) : Study the following information carefully and answer the questions.

The given below pie chart shows the percentage distribution of the total number of chairs (wheel and office) manufactured in five different months i.e. January, February, March, April and May and also given table chart shows the ratio of the number of wheel chairs to office chairs manufactured on five different months.

निर्मित कुर्सियों की कुल संख्या = 5000

The Total Number of Chairs Manufactured = 5000



महीने Months	व्हील कुर्सी की संख्या का ऑफीस कुर्सी के निर्माण से अनुपात The ratio of the number of wheel chairs to office chairs manufactured
जनवरी/January	2 : 1
फरवरी/February	7 : 3
मार्च/March	4 : 5
अप्रैल/April	1 : 1
मई/May	3 : 2

1. यदि जून में निर्मित व्हील कुर्सियों की संख्या, मार्च में निर्मित व्हील कुर्सियों की संख्या का 5/8 है और मार्च और जून में निर्मित ऑफीस कुर्सियों की संख्या का अनुपात 5 : 3 है, तो जून में निर्मित कुर्सियों की कुल संख्या ज्ञात करें ।

A) 480
B) 670
C) 550
D) 740
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If the number of wheel chairs manufactured in June is $5/8^{th}$ of the number of wheel chairs manufactured in March and the ratio of the number of office chairs manufactured in March and June is 5 : 3, then find the total number of chairs manufactured in June.

A) 480
B) 670
C) 550
D) 740
E) None of the above

2. फरवरी में निर्मित व्हील कुर्सियों की संख्या और अप्रैल में निर्मित व्हील कुर्सियों की संख्या के बीच अंतर ज्ञात करें ।

A) 450
B) 600
C) 320
D) 550
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Find the difference between the number of wheel chairs manufactured in February and the number of wheel chairs manufactured in April.

A) 450
B) 600
C) 320
D) 550
E) None of the above

3. मई में निर्मित व्हील कुर्सियों की संख्या और जनवरी में निर्मित ऑफीस कुर्सियों की संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए ।

A) 8 : 9
B) 7 : 8
C) 2 : 1
D) 5 : 3
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Find the ratio of the number of wheel chairs manufactured in May to the number of office chairs manufactured in January.

A) 8 : 9
B) 7 : 8
C) 2 : 1
D) 5 : 3
E) None of the above

4. अप्रैल में निर्मित ऑफीस कुर्सियों की संख्या फरवरी और अप्रैल में निर्मित कुर्सियों की कुल संख्या के बीच अंतर का कितना प्रतिशत है ?

A) 30%
B) 50%
C) 70%
D) 40%
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The number of office chairs manufactured in April is what percentage of the difference between the total number of chairs manufactured in February and April ?

A) 30%
B) 50%
C) 70%
D) 40%
E) None of the above

5. जनवरी में निर्मित कुल कुर्सियों में से 20% कुर्सियाँ नहीं बिकीं । यदि जनवरी में नहीं बिकीं गई ऑफीस कुर्सियों की संख्या और व्हील कुर्सियों की संख्या का अनुपात 5 : 4 है, तो जनवरी में बेची गई व्हील कुर्सियों की संख्या ज्ञात कीजिए ।

A) 510
B) 780
C) 690
D) 820
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Out of the total number of chairs manufactured in January, 20% of the chairs are unsold. If the ratio of the number of office chairs to wheel chairs unsold in January is 5 : 4, then find the number of wheel chairs sold in January.

A) 510
B) 780
C) 690
D) 820
E) None of the above

6. ऊँट अपने _____ में वसा जमा करता है ।

A) पाद
B) हम्प
C) पेट
D) पैर
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The camel stores fat in its

A) Feet
B) Hump
C) Stomach
D) Legs
E) None of the above

7. जैविक विविधता (संशोधन) अधिनियम, 2023 कब लागू हुआ ?

A) 1 अप्रैल, 2024

B) 5 जून, 2024

C) 1 फरवरी, 2024

D) 1 जनवरी, 2024

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

When did the Biological Diversity (Amendment) Act, 2023 come into force ?

A) 1 April, 2024

B) 5 June, 2024

C) 1 February, 2024

D) 1 January, 2024

E) None of the above

8. _____ बाह्य एवं आंतरिक आपातकाल के दौरान लागू होता है ।

A) अनुच्छेद 348

B) अनुच्छेद 338

C) अनुच्छेद 359

D) अनुच्छेद 358 •

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

_____ is applicable during external as well as internal emergency.

A) Article 348

B) Article 338

C) Article 359

D) Article 358

E) None of the above

9. भारत के पश्चिम में कौन-सा सागर स्थित है ?

A) लाल सागर

B) दक्षिण चीन सागर

C) बंगाल की खाड़ी

D) अरब सागर •

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which sea lies to the west of India ?

A) Red Sea

B) South China Sea

C) Bay of Bengal

D) Arabian Sea

E) None of the above

10. एक पुरुष का परिचय देते हुए, एक महिला ने कहा "उसकी माँ मेरे पिता की इकलौती बेटी है ।" पुरुष का महिला से क्या संबंध है ?

A) भाई B) चाचा

C) पिता D) बेटा •

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Introducing a man, a woman said "His mother is the only daughter of my father". How is the man related to the woman ?

A) Brother B) Uncle

C) Father D) Son

E) None of the above

11. महावीर ने निम्नलिखित में से किस स्थान पर मोक्ष प्राप्त किया (सिद्ध बने) ?

A) पावापुरी B) पुरुषपुरा

C) राजगृह D) कपिलवस्तु •

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Mahavira attained moksha (became a Siddha) at which of the following places ?

A) Pavapuri B) Purushapura

C) Rajagriha D) Kapilavastu

E) None of the above

12. कौन-सा बड़ा है : $\sqrt{45}$ या $\sqrt{49}-1$?

A) $\sqrt{45}$

B) $\sqrt{49}-1$

C) दोनों बराबर हैं

D) निर्धारित नहीं किया जा सकता

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which is greater : $\sqrt{45}$ or $\sqrt{49}-1$?

A) $\sqrt{45}$

B) $\sqrt{49}-1$

C) Both are equal

D) Cannot be determined

E) None of the above

13. भारत का संविधान पहली बार 1928 में _____ द्वारा तैयार किया गया था ।

A) वि. वि. गिरि

B) राजेंद्र प्रसाद

C) मोतीलाल नेहरू

D) महात्मा गांधी

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Constitution of India was first drafted by _____ in 1928.

A) V. V. Giri

B) Rajendra Prasad

C) Motilal Nehru

D) Mahatma Gandhi

E) None of the above

14. 15 जनवरी, 2025 को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम द्वारा सिंगापुर के मानद नागरिक पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया ?

A) तरुण दास

B) उदय कोटक

C) एन. चंद्रशेखरन

D) रतन टाटा

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who was conferred the Honorary Citizen Award of Singapore by President Tharman Shanmugaratnam during a ceremony in New Delhi on January 15, 2025 ?

A) Tarun Das

B) Uday Kotak

C) N. Chandrashekaran

D) Ratan Tata

E) None of the above

15. विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस कब मनाया जाता है ?

A) 11 अक्टूबर B) 15 मार्च

C) 8 अप्रैल D) 21 मार्च

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

World Consumer Rights Day is observed on

A) October 11 B) March 15

C) April 8 D) March 21

E) None of the above

16. चंद्रयान-3 किस वर्ष प्रक्षेपित किया गया था ?

A) 2022 B) 2023

C) 2021 D) 2019

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Chandrayaan-3 was launched in which year ?

A) 2022 B) 2023

C) 2021 D) 2019

E) None of the above

17. DTM के किस चरण में सबसे तेज़ जनसंख्या वृद्धि देखी जाती है ?

A) चरण 3 B) चरण 5

C) चरण 2 D) चरण 1

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which stage of the DTM sees the fastest population growth ?

A) Stage 3 B) Stage 5

C) Stage 2 D) Stage 1

E) None of the above

18. पुरुष सूक्त, जो चार वर्णों की उत्पत्ति की व्याख्या करता है, किस वैदिक ग्रंथ में पाया जाता है ?

A) अथर्ववेद B) ऋग्वेद

C) यजुर्वेद D) सामवेद

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Purusha Sukta, which explains the origin of the four Varnas, is found in which Vedic text ?

A) Atharva Veda B) Rig Veda

C) Yajur Veda D) Samaveda

E) None of the above

19. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?

A) पेरिस B) द हेग

C) जिनेवा D) न्यूयॉर्क

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Where is the headquarters of the International Labour Organization (ILO) located ?

A) Paris B) The Hague

C) Geneva D) New York

E) None of the above

20. देश के पर्यावरण का संरक्षण और सुधार तथा वनों और वन्य जीवन की सुरक्षा, _____ के अंतर्गत आती है ।

A) अनुच्छेद 46A B) अनुच्छेद 48A

C) अनुच्छेद 44A D) अनुच्छेद 43A

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Protection and improvement of environment and safeguarding of forests and wildlife of the country comes under

A) Article 46A B) Article 48A

C) Article 44A D) Article 43A

E) None of the above

21. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार, संघ की कार्यकारी शक्ति राष्ट्रपति में निहित होगी ?

A) अनुच्छेद 57 B) अनुच्छेद 53

C) अनुच्छेद 46 D) अनुच्छेद 21

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

As per which Article of the Indian Constitution, the executive power of Union shall be vested in the President ?

A) Article 57 B) Article 53

C) Article 46 D) Article 21

E) None of the above

22. एशियाई खेल कितने वर्षों में एक बार आयोजित होते हैं ?

A) 4 वर्ष B) 5 वर्ष

C) 3 वर्ष D) 2 वर्ष

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Asian Games are held once in how many years ?

A) 4 years B) 5 years

C) 3 years D) 2 years

E) None of the above

23. 5 जनवरी, 2025 को, भारतीय तट रक्षक बल के लिए निम्नलिखित में से किस शिपयार्ड द्वारा दो स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित तीव्र गश्ती पोत (FPV)-अमूल्य और अक्षय-लॉन्च किए गए ?

A) कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड
B) गोवा शिपयार्ड लिमिटेड
C) गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स
D) मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

On January 5, 2025, two indigenously designed and constructed Fast Patrol Vessels (FPVs) – Amulya and Akshay – were launched for the Indian Coast Guard by which of the following Shipyards ?

A) Cochin Shipyard Limited
B) Goa Shipyard Limited
C) Garden Reach Shipbuilders and Engineers
D) Mazagon Dock Shipbuilders Limited
E) None of the above

24. हड़प्पा सभ्यता किस युग से संबंधित है ?

A) कांस्य युग
B) पुरापाषाण युग
C) लौह युग
D) पाषाण युग
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Harappan Civilization belongs to which age ?

A) Bronze Age
B) Paleolithic Age
C) Iron Age
D) Stone Age
E) None of the above

25. _____ प्रश्न वह है जिसका कोई सदस्य सदन में मौखिक उत्तर चाहता है और जिसे तारांकित चिह्न द्वारा पहचाना जाता है ।

A) अतारांकित
B) लंबी सूचना
C) अल्प अवधि सूचना
D) तारांकित
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

_____ question is one to which a member desire an oral answer in the house and which is distinguished by an asterisk mark.

A) Unstarred
B) Long notice
C) Short notice
D) Starred
E) None of the above

26. यदि 2994 ÷ 14.5 = 172 है, तो 29.94 ÷ 1.45 =

A) 17.2
B) 172
C) 1.72
D) 0.172
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If 2994 ÷ 14.5 = 172, then 29.94 ÷ 1.45 =

A) 17.2
B) 172
C) 1.72
D) 0.172
E) None of the above

27. पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर का 100 वर्ष की आयु में किस तिथि को निधन हो गया ?

A) 29 दिसंबर, 2024

B) 30 नवंबर, 2024

C) 25 दिसंबर, 2024

D) 15 जनवरी, 2025

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Former U.S. President Jimmy Carter passed away at the age of 100 on which date ?

A) December 29, 2024

B) November 30, 2024

C) December 25, 2024

D) January 15, 2025

E) None of the above

28. अविकसित अर्थव्यवस्था का अर्थ था

A) वे देश जिनमें प्रति व्यक्ति वास्तविक आय अधिक है

B) वे देश जिनमें अधिक गरीबी देखी जाती है

C) वे देश जिनमें प्रति व्यक्ति वास्तविक आय संतुलित है

D) वे देश जहाँ प्रति व्यक्ति वास्तविक आय कम है

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Meaning of the underdeveloped economy was

A) Countries in which per capita real income is high

B) Countries in which mass poverty is observed

C) Countries in which per capita real income is balanced

D) Countries in which per capita real income is low

E) None of the above

Direction (Q. No. 29 and Q. No. 30) : Read the following passage and answer the questions by choosing the right option.

Time is one of the most valuable resources we have, yet many people struggle to manage it effectively. In today's fast-paced world, students, professionals and even homemakers face numerous tasks every day. Proper time management helps individuals prioritize their activities, meet deadlines and reduce stress.

One of the key benefits of managing time wisely is improved productivity. When people plan their day and allocate specific time slots for each task, they tend to achieve more in less time. It also creates a sense of discipline and responsibility.

Moreover, effective time management leads to better work-life balance. When tasks are completed on time, individuals can make space for leisure, hobbies and family. This not only boosts happiness but also improves mental well-being.

However, poor time management can result in procrastination, missed deadlines and increased anxiety. Developing time management skills requires practice and consistency. Simple habits like creating to-do lists, setting goals, and avoiding distractions can go a long way in making each day more efficient and meaningful.

29. According to the passage, how can individuals start improving time management ?

A) By creating to-do lists and avoiding distractions

B) By comparing themselves to others

C) By watching motivational videos

D) By working faster without rest

E) None of the above

30. What is the main purpose of the passage ?

A) To discuss different professions

B) To promote the use of digital planners

C) To highlight the importance of time management •

D) To explain the causes of stress

E) None of the above

31. Fill in the blank with the correct option.
What _____ for breakfast ?

A) have you usually

B) do usually you have

C) are you usually having

D) do you usually have •

E) None of the above

32. Choose the one word substitution from the five options given below.
A group of persons working on a ship or aircraft

A) Concert

B) Staff

C) Crew •

D) Scar

E) None of the above

33. Choose the right answer from the five options given below to frame meaningful sentence.
Rama / garden / in / the / be / may

A) In the garden Rama may be.

B) Rama may be in the garden. •

C) In the garden may be Rama.

D) May be Rama in the garden.

E) None of the above

34. बुद्ध ने किस उम्र में परिनिब्बाण (अंतिम मुक्ति) प्राप्त की ?

A) 55 वर्ष B) 80 वर्ष •

C) 75 वर्ष D) 60 वर्ष

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

At what age did the Buddha attain Parinibbana (final liberation) ?

A) 55 years B) 80 years

C) 75 years D) 60 years

E) None of the above

35. यदि x और y सह-अभाज्य हैं, तो उनका LCM क्या है ?

A) xy • B) x + y

C) $\frac{x}{y}$ D) 1

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If x and y are co-primes, then their LCM is

A) xy B) x + y

C) $\frac{x}{y}$ D) 1

E) None of the above

36. यदि 1 जनवरी, 2001 को सोमवार था, तो 31 दिसंबर, 2001 को सप्ताह का कौन-सा दिन था ?

A) सोमवार • B) शनिवार

C) शुक्रवार D) बुधवार

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If 1st January, 2001 was Monday, then what day of the week was it on 31st December, 2001 ?

A) Monday B) Saturday

C) Friday D) Wednesday

E) None of the above

37. भारत के _____ राज्यसभा के पदेन अध्यक्ष हैं ।

A) प्रधानमंत्री
B) राज्यपाल
C) उपराष्ट्रपति
D) राष्ट्रपति
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

_____ of India is Ex-officio Chairperson of Rajya Sabha.

A) Prime Minister
B) Governor
C) Vice-President
D) President
E) None of the above

38. आशिया का प्रीमियर खाद्य एवं पेय (एफ एण्ड बी) व्यापार प्रदर्शन इंडसफूड 2025 का 8 वाँ संस्करण कहाँ आयोजित किया गया था ?

A) इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट लिमिटेड, ग्रेटर नोएडा
B) महात्मा मंदिर, गांधीनगर
C) इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली
D) प्रगति मैदान, नई दिल्ली
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Where was the 8th edition of Indusfood Asia's premier Food and Beverage (F and B) Trade Show 2025 organized ?

A) India Exposition Mart Ltd., Greater Noida
B) Mahatma Mandir, Gandhinagar
C) India Habitat Centre, New Delhi
D) Pragati Maidan, New Delhi
E) None of the above

39. काम के बदले अनाज कार्यक्रम का पुनर्गठन किया गया और अक्टूबर 1980 से इसका नाम बदलकर _____ कर दिया गया ।

A) एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम
B) रोज़गार सृजन कार्यक्रम
C) ग्रामीण रोज़गार गारंटी कार्यक्रम
D) राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार कार्यक्रम
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The food for work programme was restructured and renamed as _____ from October, 1980.

A) Integrated Rural Development Programme
B) Employment Generated Programme
C) Rural Employment Guarantee Programme
D) National Rural Employment Programme
E) None of the above

40. बंगाल ब्रिटिश इंडिया सोसाइटी की स्थापना कब हुई थी ?

A) 21 अप्रैल, 1843
B) 20 अप्रैल, 1843
C) 20 अप्रैल, 1834
D) 20 अप्रैल, 1844
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Bengal British India Society was established on

A) 21 April, 1843
B) 20 April, 1843
C) 20 April, 1834
D) 20 April, 1844
E) None of the above

निर्देश (प्र. सं. 41 से प्र. सं. 45) : दी गई तालिका चार अलग-अलग कंपनियों में कर्मचारियों की संख्या और फाइनैन्स विभाग में पुरुष कर्मचारियों का प्रतिशत, पुरुष और महिला कर्मचारियों का अनुपात दर्शाती है ।

कंपनियों में दो अलग-अलग विभाग फाइनैन्स और मार्केटिंग हैं ।

Direction (Q. No. 41 to Q. No. 45) : The given table shows the number of employees in four different companies and the percentage of male, ratio of the male to female employees in Finance department.

The companies have two different departments Finance and Marketing.

कंपनी/ Company	कुल कर्मचारियों की संख्या/ Total number of employees	पुरुष कर्मचारियों का %/ % of the male employees	फाइनैन्स विभाग में कर्मचारियों का %/ % of the employees in Finance department	फाइनैन्स विभाग में पुरुष और महिला कर्मचारियों का अनुपात/ Ratio of the male to female employees in Finance department
A	2000	60%	70%	4 : 3
B	2400	75%	50%	3 : 1
C	1800	50%	60%	5 : 4
D	2800	75%	50%	9 : 5

41. सभी कंपनियों में फाइनैन्स विभाग में महिला कर्मचारियों की औसत संख्या क्या है ?

A) 460 B) 480
C) 470 D) 440
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the average number of female employees in Finance department in all the companies together ?

A) 460 B) 480
C) 470 D) 440
E) None of the above

42. सभी कंपनियों में मार्केटिंग विभाग में पुरुष और महिला कर्मचारियों के बीच क्या अंतर है ?

A) 1720
B) निर्धारित नहीं किया जा सकता
C) 1680
D) 1460
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the difference between the male and female employees in Marketing department in all the companies together ?

A) 1720
B) Cannot be determined
C) 1680
D) 1460
E) None of the above

43. C में फाइनैन्स विभाग में पुरुष कर्मचारियों की संख्या D में मार्केटिंग विभाग के कर्मचारियों की कुल संख्या का लगभग कितना प्रतिशत है ?

A) 53%
B) 77%
C) 50%
D) 43%
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The number of male employees in Finance department in C is approximately what percent of the total number of employees in Marketing department in D ?

A) 53%
B) 77%
C) 50%
D) 43%
E) None of the above

44. D में मार्केटिंग विभाग के कर्मचारियों में पुरुष और महिला की कुल संख्या का अनुपात क्या है ?

A) 7 : 2
B) 8 : 3
C) 6 : 1
D) 4 : 3
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the ratio of the total number of male to female in Marketing department employees in D ?

A) 7 : 2
B) 8 : 3
C) 6 : 1
D) 4 : 3
E) None of the above

45. सभी कंपनियों में पुरुष कर्मचारियों की औसत संख्या क्या है ?

A) 1500
B) 1300
C) 1400
D) 1200
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the average number of male employees in all the companies together ?

A) 1500
B) 1300
C) 1400
D) 1200
E) None of the above

46. दिसंबर 2024 में, किस संगठन ने "S.A.F.E. (सिक्यूर, एफोर्डेबल, फ्लेक्सिबल एण्ड एफिशिएंट) एकोमोडेशन : विनिर्माण विकास के लिए श्रमिक आवास" शीर्षक से रिपोर्ट जारी की ?

A) भारतीय उद्योग परिसंघ (CII)
B) नैशनल इन्स्टिट्यूशन फॉर ट्रैन्सफॉर्मिंग इंडिया (NITI) आयोग
C) श्रम और रोजगार मंत्रालय
D) आवास और शहरी मामलों का मंत्रालय
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In December 2024, which organization released the report titled "S.A.F.E. (Secure, Affordable, Flexible and Efficient) Accommodation : Worker Housing for Manufacturing Growth" ?

A) Confederation of Indian Industry (CII)
B) National Institution for Transforming India (NITI) Aayog
C) Ministry of Labour and Employment
D) Ministry of Housing and Urban Affairs
E) None of the above

47. देखनी किस भारतीय राज्य का पारंपरिक नृत्य है ?

A) मध्य प्रदेश
B) ओडिशा
C) गोवा
D) केरल
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Dekhni is a traditional dance form of which Indian State ?

A) Madhya Pradesh
B) Odisha
C) Goa
D) Kerala
E) None of the above

48. मुकेश सुरेश से लंबा है लेकिन राकेश से छोटा है । राकेश हरीश से लंबा है लेकिन अमर से छोटा है । उनमें से सबसे छोटा कौन है ?

A) हरीश
B) निर्धारित नहीं किया जा सकता
C) सुरेश
D) मुकेश
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Mukesh is taller than Suresh but shorter than Rakesh. Rakesh is taller than Harish but shorter than Amar. Who among them is the shortest ?

A) Harish
B) Cannot be determined
C) Suresh
D) Mukesh
E) None of the above

49. लंदन में ईस्ट इंडियन एसोसिएशन की स्थापना किसके द्वारा की गई थी ?

A) मदन मोहन मालवीय
B) बाल गंगाधर तिलक
C) गोपाल कृष्ण गोखले
D) दादाभाई नौरोजी
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

East Indian Association in London was founded by

A) Madan Mohan Malavia
B) Bal Gangadhar Tilak
C) Gopala Krishna Gokhale
D) Dadabhai Naoroji
E) None of the above

50. यदि +4 D शक्ति का एक उत्तल लेंस और −10 D शक्ति का एक अवतल लेंस एक दूसरे के संपर्क में रखा जाता है, परिणामी शक्ति क्या होगी ?

A) +6 D
B) −14 D
C) −6 D
D) +14 D
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If a convex lens of power +4 D and a concave lens of power −10 D are placed in contact with each other, what will be the resultant power ?

A) +6 D
B) −14 D
C) −6 D
D) +14 D
E) None of the above

51. पुणे में आयोजित उद्यमिता विकास सम्मेलन 2025 का विषय क्या था ?

A) कृषि-तकनीक में भावी नेताओं का निर्माण
B) आत्मनिर्भर भारत के लिए पशुधन उद्यमिता
C) उद्यमियों को सशक्त बनाना पशुधन अर्थशास्त्र में बदलाव लाना
D) नवाचार के माध्यम से ग्रामीण स्टार्टअप को मज़बूत बनाना
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What was the theme of the Entrepreneurship Development Conclave 2025 held in Pune ?

A) Building Future Leaders in Agri-Tech.
B) Livestock Entrepreneurship for a Self-Reliant India
C) Empowering Entrepreneurs Transforming Livestock Economics
D) Strengthening Rural Startups through Innovation
E) None of the above

निर्देश (प्र. सं. 52 से प्र. सं. 56) : निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

Direction (Q. No. 52 to Q. No. 56) : Study the following information carefully and answer the questions given below.



52. यदि कंप्यूटर का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से 20% अधिक है और दुकानदार कंप्यूटर के अंकित मूल्य पर 15% की छूट देता है, तो कंप्यूटर का लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए। 15000

A) 3%
B) 2%
C) 5%
D) 1%
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If the marked price of the computer is 20% more than its cost price and the shopkeeper offers a discount of 15% on the marked price of the computer, then find the profit percentage of the computer.

A) 3%
B) 2%
C) 5%
D) 1%
E) None of the above

53. स्मार्ट वॉच और बुक रैक का विक्रय मूल्य 4 : 5 के अनुपात में है और स्मार्ट वॉच का क्रय मूल्य 4,800 रुपये है। यदि दुकानदार को स्मार्ट वॉच पर उसके अंकित मूल्य का 10% लाभ मिलता है, तो दुकानदार द्वारा बुक रैक पर दी जाने वाली छूट ज्ञात कीजिए।

A) 200 रुपये
B) 250 रुपये
C) 150 रुपये
D) 100 रुपये
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The selling price of smart watch and book rack is in the ratio of 4 : 5 and the cost price of the smart watch is Rs. 4,800. If the shopkeeper gets the profit of the smart watch is 10% of its marked price, then find the discount offered by the shopkeeper on a book rack.

A) Rs. 200
B) Rs. 250
C) Rs. 150
D) Rs. 100
E) None of the above

54. डाइनिंग टेबल और बुक रैक के अंकित मूल्य का औसत ज्ञात कीजिए। 10000+7000 / 8500 / +7000 / 2

A) 9,000 रुपये
B) 7,500 रुपये
C) 8,500 रुपये
D) 8,000 रुपये
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Find the average of the marked price of dining table and book rack.

A) Rs. 9,000
B) Rs. 7,500
C) Rs. 8,500
D) Rs. 8,000
E) None of the above

55. यदि सेल फोन के क्रय मूल्य और अंकित मूल्य का अनुपात 3 : 4 है और दुकानदार द्वारा अर्जित लाभ 1,200 रुपये है, तो दुकानदार द्वारा दी जाने वाली छूट ज्ञात कीजिए ।

A) 900 रुपये
B) 600 रुपये
C) 1,000 रुपये
D) 800 रुपये
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If the ratio of the cost price and marked price of the cell phone is 3 : 4 and the profit earned by the shopkeeper is Rs. 1,200, then find the discount offered by the shopkeeper.

A) Rs. 900
B) Rs. 600
C) Rs. 1,000
D) Rs. 800
E) None of the above

56. डाइनिंग टेबल का विक्रय मूल्य और अंकित मूल्य 4 : 5 है । यदि दुकानदार को 25% का लाभ मिलता है, तो डाइनिंग टेबल का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए ।

A) 6,400 रुपये
B) 6,500 रुपये
C) 6,200 रुपये
D) 6,000 रुपये
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The selling price and marked price of the dining table is 4 : 5. If the shopkeeper gets the profit of 25%, then find the cost price of the dining table.

A) Rs. 6,400
B) Rs. 6,500
C) Rs. 6,200
D) Rs. 6,000
E) None of the above

57. शिकागो में धर्म संसद का आयोजन किस वर्ष हुआ ?

A) 1839
B) 1983
C) 1894
D) 1893
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Parliament of Religions held at Chicago in which year ?

A) 1839
B) 1983
C) 1894
D) 1893
E) None of the above

58. निम्नलिखित में से सर्वथा भिन्न ज्ञात कीजिए ।

A) चांदी
B) सोना
C) पारा
D) लोहा
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Find the odd one out from the following.

A) Silver
B) Gold
C) Mercury
D) Iron
E) None of the above

59. सबसे बड़ी 3 अंकों की संख्या और सबसे छोटी 2 अंकों की संख्या के बीच का अंतर क्या है ?

A) 998
B) 990
C) 989
D) 980
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The difference between the largest 3 digit number and smallest 2 digit number is

A) 998
B) 990
C) 989
D) 980
E) None of the above

60. विजय स्तम्भ कहाँ स्थित है ?

A) जोधपुर
B) चित्तौड़गढ़
C) उदयपुर
D) जयपुर
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Vijay Stambh is situated in

A) Jodhpur
B) Chittorgarh
C) Udaipur
D) Jaipur
E) None of the above

61. एसिड को किस पदार्थ से बने बर्तनों में संग्रहित किया जाता है ?

A) कांच और सिरैमिक •
B) रबर और कार्डबोर्ड
C) लकड़ी और कागज
D) धातु और प्लास्टिक
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Acids are stored in containers made of which materials ?

A) Glass and ceramics
B) Rubber and cardboard
C) Wood and paper
D) Metals and plastic
E) None of the above

62. आदि पुराण किस तीर्थंकर की संतचरित संग्रह है ?

A) महावीर B) आदिनाथ
C) पार्श्वनाथ D) नेमिनाथ
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Adi Purana, is the hagiography of which Tirthankara ?

A) Mahavira B) Adinatha
C) Parshvanatha D) Neminatha
E) None of the above

निर्देश (प्र. सं. 63 से प्र. सं. 67) : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

दुःख की श्रेणी में प्रवृत्ति के विचार से करुणा का उल्टा क्रोध है । क्रोध जिसके प्रति उत्पन्न होता है उसकी हानि की चेष्टा की जाती है । करुणा जिसके प्रति उत्पन्न होती है उसकी भलाई का उद्योग किया जाता है । किसी पर प्रसन्न होकर भी लोग उसकी भलाई करते हैं । इस प्रकार पात्र की भलाई की उत्तेजना दुःख और आनन्द दोनों की श्रेणियों में रखी गई है । आनन्द की श्रेणी में ऐसा कोई शुद्ध मनोविकार नहीं है जो पात्र की हानि की उत्तेजना करे, पर दुःख की श्रेणी में ऐसा मनोविकार है जो पात्र की भलाई की उत्तेजना करता है । लोभ से, जिसे मैंने आनन्द की श्रेणी में रखा है, चाहे कभी कभी और व्यक्तियों या वस्तुओं को हानि पहुँच जाय पर जिसे जिस व्यक्ति या वस्तु का लोभ होगा, उसकी हानि वह कभी नहीं करेगा । लोभी महमूद ने सोमनाथ को तोड़ा; पर भीतर से जो जवाहरात निकले उनको खूब सँभालकर रखा । नूरजहाँ के रूप के लोभी जहाँगीर ने शेर अफरान को मरवाया पर नूरजहाँ को बड़े चैन से रखा ।

ऊपर कहा जा चुका है कि मनुष्य ज्यों ही समाज में प्रवेश करता है, उसके सुख और दुःख का बहुत-सा अंश दूसरों की क्रिया या अवस्था पर अवलम्बित हो जाता है और उसके मनोविकारों के प्रवाह तथा जीवन के विस्तार के लिए अधिक क्षेत्र हो जाता है । वह दूसरों के दुःख से दुखी और दूसरों के सुख से सुखी होने लगता है । अब देखना यह है कि दूसरों के दुःख से दुखी होने का नियम जितना व्यापक है क्या उतना ही दूसरों के सुख से सुखी होने का भी । किसी दुखी मनुष्य को सामने देख हम अपना दुखी होना तब तक के लिए बन्द नहीं रखते जब तक कि यह न मालूम हो जाय कि वह कौन है, कहाँ रहता है और कैसा है; यह और बात है कि यह जानकर कि जिसे पीड़ा पहुँच रही है उसने कोई भारी अपराध या अत्याचार किया है हमारी दया दूर या कम हो जाय । ऐसे अवसर पर हमारे ध्यान के सामने वह अपराध या अत्याचार आ जाता है और उस अपराधी या अत्याचारी का वर्त्तमान क्लेश हमारे क्रोध की तुष्टि का साधक हो जाता है ।

सारांश यह कि करुणा की प्राप्ति के लिए पात्र में दुःख के अतिरिक्त और किसी विशेषता की अपेक्षा नहीं ।

63. किसी पर प्रसन्न होकर भी लोग उसकी भलाई करते हैं । इस प्रकार पात्र की भलाई की उत्तेजना किन श्रेणियों में रखी जाती है ?

A) श्रद्धा और भक्ति दोनों की
B) प्रेम और द्वेष दोनों की
C) क्रोध और करुणा दोनों की
D) दुःख और आनन्द दोनों की •
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

64. किसकी प्राप्ति के लिए पात्र में दु:ख के अतिरिक्त और किसी विशेषता की अपेक्षा नहीं होती है ?
A) करुणा •
B) उत्तेजना
C) उत्साह
D) क्रोध
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

65. करुणा जिसके प्रति उत्पन्न होती है, उसके लिए क्या किया जाता है ?
A) चंचल हो जाते हैं ।
B) क्रोध उसके प्रति उत्पन्न हो जाता है ।
C) उसकी भलाई का उद्योग किया जाता है । •
D) उसकी हानि की चेष्टा की जाती है ।
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

66. आनंद की श्रेणी में ऐसा कोई शुद्ध मनोविकार नहीं है जो पात्र की हानि की उत्तेजना करे, पर दु:ख की श्रेणी में ऐसा मनोविकार है जो पात्र की _____ की उत्तेजना करता है ।
A) सच्चाई
B) बुराई
C) भलाई •
D) भावना
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

67. दु:ख की श्रेणी में प्रवृत्ति के विचार से करुणा का उल्टा क्या हो सकता है ?
A) भाव
B) क्रोध •
C) श्रद्धा
D) दु:ख
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

निर्देश (प्र. सं. 68 से प्र. सं. 72) : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

मैं कभी-कभी सोचता हूँ कि इतने दिनों तक अंग्रेजों की अनुवर्तिता करने के बाद भी भारतवर्ष 'इण्डिपेण्डेन्स' को अनधीनता क्यों नहीं कह सका ? उसने अपनी आजादी के जितने भी नामकरण किये - स्वतन्त्रता, स्वराज्य, स्वाधीनता- उन सब में 'स्व' का बन्धन अवश्य रखा । यह क्या संयोग की बात है या हमारी समूची परम्परा ही अनजान में, हमारी भाषा के द्वारा प्रकट होती रही है ? मुझे प्राणि-विज्ञानी की बात फिर याद आती है - सहजात वृत्ति अनजानी स्मृतियों का ही नाम है । स्वराज होने के बाद स्वभावत: ही हमारे नेता और विचारशील नागरिक सोचने लगे हैं कि इस देश को सच्चे अर्थ में सुखी कैसे बनाया जाय । हमारे देश के लोग पहली बार यह सब सोचने लगे हों, ऐसी बात नहीं है । हमारा इतिहास बहुत पुराना है, हमारे शास्त्रों में इस समस्या को नाना भावों और नाना पहलुओं से विचारा गया है । हम कोई नौसिखुए नहीं हैं, जो रातों-रात अनजान जंगल में पहुँचाकर अरक्षित छोड़ दिये गये हों । हमारी परम्परा महिमामयी, उत्तराधिकार विपुल और संस्कार उज्ज्वल है । हमारे अनजान में भी ये बातें हमें एक खास दिशा में सोचने की प्रेरणा देती हैं । यह जरूर है कि परिस्थितियाँ बदल गयी हैं। उपकरण नये हो गये हैं और उलझनों की माया भी बहुत बढ़ गयी है, पर मूल समस्याएँ बहुत अधिक नहीं बदली हैं । भारतीय चित्त जो आज भी 'अनधीनता' के रूप में न सोचकर 'स्वाधीनता' के रूप में सोचता है, वह हमारे दीर्घकालीन संस्कारों का फल है । वह 'स्व' के बन्धन को आसानी से नहीं छोड़ सकता । अपने-आप पर अपने-आप के द्वारा लगाया हुआ बन्धन हमारी संस्कृति की बडी भारी विशेषता है । मैं ऐसा तो नहीं मानता कि जो कुछ हमारा पुराना है, जो कुछ हमारा विशेष है, उससे हम चिपटे ही रहें । पुराने का 'मोह' सब समय वाञ्छनीय ही नहीं होता । मरे बच्चे को गोद में दबाये रहनेवाली 'बँदरिया' मनुष्य का आदर्श नहीं बन सकती । परन्तु मैं ऐसा भी नहीं सोच सकता कि हम नयी अनुसन्धित्सा के नशे में चूर होकर अपना सरबस खो दे । कालिदास ने कहा था कि सब पुराने अच्छे ही नहीं होते, सब नये खराब ही नहीं होते ।

68. कालिदास ने क्या कहा था ?
A) हमारी परंपरा महिमामयी, उत्तराधिकार विपुल और संस्कार उज्ज्वल है । •
B) पुराने का मोह सब समय वाञ्छनीय ही नहीं होता ।
C) उलझनों की मात्रा बहुत बढ़ गई है ।
D) सब पुराने अच्छे ही नहीं होते, सब नये खराब ही नहीं होते ।
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

69. मनुष्य ने अपनी आजादी के जितने भी नामकरण किये स्वतंत्रता, स्वराज्य, स्वाधीनता-उन सब में _____ का बंधन अवश्य रखा ।

A) श्वर
B) ओर
C) स्व •
D) पर
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

70. लेखकजी कभी-कभी क्या सोचने लगते हैं ?

A) ये हमारी पशुता की निशानी है ।
B) यह हमारी पशुता के अवशेष है ।
C) पशुता या मनुष्यता की ओर ।
D) अंग्रेजों की अनुवर्तिता करने के बाद भी भारतवर्ष 'इण्डिपेण्डेन्स' को अनधीनता क्यों नहीं कह सका ? •
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

71. लेखकजी को प्राणि-विज्ञानियों की कौन-सी बात याद आती है ?

A) सहजात वृत्ति अनजानी स्मृतियों का ही नाम है । •
B) नाना भावों और नाना पहलुओं से विचारा गया है ।
C) नाखून बढ़ना उनमें से एक हो सकता है ।
D) हम कोई नौसिखुए नहीं है ।
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

72. मरे बच्चे को गोद में दबाये रहनेवाली _____ मनुष्य का आदर्श नहीं बन सकती ।

A) सुअर
B) बँदरिया •
C) भेडिया
D) बाघिन
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

73. 'आदान' का विलोम शब्द _____ है ।

A) प्रदान •
B) आचार
C) अभिमान
D) अनुग्रह
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

74. जो विशेषण अपने विशेष्य की मात्रा या परिमाण के विषय में ज्ञान कराएँ, उसे _____ विशेषण कहते हैं ।

A) संख्यावाचक
B) सार्वनामिक
C) परिमाणवाचक •
D) गुणवाचक
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

75. 'आँखें दिखाना' मुहावरे का सही अर्थ है

A) धोखा देना
B) अपनी हानि स्वयं करना
C) अनदेखा करना
D) गुस्से में देखना •
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

76. 'चैत' तद्भव शब्द है, उसका तत्सम शब्द _____ है ।

A) चित्र
B) चैत्र •
C) चित्त
D) चंद्र
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

77. 'समय की पहचान' सियारामशरण गुप्त जी की कविता है, जिसमें वे _____ के महत्व के बारे में बताते हैं ।

A) धन
B) विश्वास
C) परिश्रम
D) समय •
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

78. निर्वात में प्रकाश की गति और माध्यम में प्रकाश की गति के अनुपात को माध्यम का _____ कहा जाता है ।

A) अपवर्तनांक
B) आयाम
C) आवृत्ति
D) तरंगदैर्घ्य
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The ratio of speed of light in vacuum to the speed of light in a medium is called the _____ of the medium.

A) Refractive index
B) Amplitude
C) Frequency
D) Wavelength
E) None of the above

79. कांगटो भारत की सबसे ऊंची चोटियों में से एक है जो किस राज्य में स्थित है ?

A) नागालैंड
B) मणिपुर
C) हिमाचल प्रदेश
D) अरुणाचल प्रदेश
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Kangto is one of the highest peaks of India is located in which State ?

A) Nagaland
B) Manipur
C) Himachal Pradesh
D) Arunachal Pradesh
E) None of the above

80. 45 छात्रों की कक्षा में आयुष का रैंक ऊपर से 15 है, तो नीचे से आयुष का रैंक क्या है ?

A) 31
B) 35
C) 32
D) 30
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In a class of 45 students, the rank of Ayush is 15 from the top, then rank of Ayush from the bottom is

A) 31
B) 35
C) 32
D) 30
E) None of the above

81. अर्थव्यवस्था के अधिशेष को अंतिम उपयोगकर्ताओं तक पहुँचाने और स्थानांतरित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा माध्यम कार्य करता है ?

A) मानव शक्ति
B) वाणिज्यिक केंद्र
C) सरकारी नीति
D) वित्तीय संस्थान
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following acts as a vehicle for mobilising and transferring the economy's surplus to the ultimate users ?

A) Man power
B) Commercial centers
C) Government policy
D) Financial institutions
E) None of the above

82. $\frac{2}{5}$ प्रतिशत रूप में क्या है ?

A) 25%
B) 80%
C) 40%
D) 20%
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

$\frac{2}{5}$ in percent form is

A) 25%
B) 80%
C) 40%
D) 20%
E) None of the above

83. अनुशीलन समिति का मुख्यालय कहाँ है ?

A) मद्रास
B) पूना
C) बम्बई
D) कलकत्ता
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The headquarter of Anushilan Samiti is at

A) Madras
B) Poona
C) Bombay
D) Calcutta
E) None of the above

84. जनवरी 2025 में कौन-सा देश अधिकारिक तौर पर ब्रिक्स समूह का 10 वाँ पूर्ण सदस्य बना ?

A) इंडोनेशिया

B) मिस्र

C) सऊदी अरब

D) तुर्की

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which country officially became the 10th full member of the BRICS group in January 2025 ?

A) Indonesia

B) Egypt

C) Saudi Arabia

D) Turkey

E) None of the above

85. भारत-पाकिस्तान ने वर्ष 1960 में एक संधि पर हस्ताक्षर किए थे । उस संधि का नाम था

A) सिंधु जल संधि

B) ब्रह्मपुत्र जल संधि

C) यमुना जल संधि

D) गंगा जल संधि

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The India-Pakistan signed a treaty in the year 1960. The name of that treaty was

A) Indus waters treaty

B) Brahmaputra waters treaty

C) Yamuna waters treaty

D) Ganga waters treaty

E) None of the above

86. हवा से कौन-सी अम्लीय गैस वर्षा के पानी में घुलकर कार्बोनिक एसिड (H_2CO_3) बनाती है ?

A) कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2)

B) सल्फर डाइऑक्साइड (SO_2)

C) नाइट्रोजन (N_2)

D) ऑक्सीजन (O_2)

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which acidic gas from the air dissolves in rainwater to form carbonic acid (H_2CO_3) ?

A) Carbon dioxide (CO_2)

B) Sulfur dioxide (SO_2)

C) Nitrogen (N_2)

D) Oxygen (O_2)

E) None of the above

87. किस औद्योगिक नीति प्रस्ताव ने सार्वजनिक क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था में एक रणनीतिक भूमिका प्रदान की ?

A) औद्योगिक नीति प्रस्ताव 1952

B) औद्योगिक नीति प्रस्ताव 1956

C) औद्योगिक नीति प्रस्ताव 1950

D) औद्योगिक नीति प्रस्ताव 1948

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which Industrial Policy Resolution gave the public sector a strategic role in the Indian economy ?

A) Industrial Policy Resolution 1952

B) Industrial Policy Resolution 1956

C) Industrial Policy Resolution 1950

D) Industrial Policy Resolution 1948

E) None of the above

88. निम्न भूजल भंडारण से किस प्रकार की चट्टान संरचना सबसे अधिक जुड़ी हुई है ?

A) आग्नेय और कायांतरित चट्टानें
B) चूना पत्थर संरचनाएँ
C) अवसादी चट्टानें
D) जलोढ़ निक्षेप
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which type of rock formation is most commonly associated with low groundwater storage ?

A) Igneous and metamorphic rocks
B) Limestone formations
C) Sedimentary rocks
D) Alluvial deposits
E) None of the above

89. फ्यूचर मिनरल्स फोरम (FMF) 2025 कहाँ आयोजित किया गया था ?

A) मस्कट, ओमान
B) रियाद, सऊदी अरब
C) दोहा, कतर
D) अबू धाबी, यू.ए.ई.
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Where was the Future Minerals Forum (FMF) 2025 held ?

A) Muscat, Oman
B) Riyadh, Saudi Arabia
C) Doha, Qatar
D) Abu Dhabi, UAE
E) None of the above

निर्देश (प्र. सं. 90 से प्र. सं. 94) : निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें ।

निम्नलिखित तालिका एक निश्चित वर्ष में 5 विभिन्न किसानों द्वारा उत्पादित फसलों की कुल संख्या (क्विंटल में) दर्शाती है ।

Direction (Q. No. 90 to Q. No. 94) : Study the following information carefully and answer the given questions.

The following table shows the total number of crops (in quintal) produced by 5 different farmers in a certain year.

	राई/ Rye	सरसों/ Mustard	जई/ Oats	गन्ना/ Sugarcane	गेहूँ/ Wheat
रोशन Roshan	640	920	340	900	300
प्रभाकर Prabhakar	480	580	180	600	440
तेजा Theja	750	660	250	560	650
भार्गव Bhargav	200	1050	280	840	820
कृष्ण Krishna	260	760	320	720	630

90. किस किसान ने तीसरी सबसे कम फसलें उगाई ?

A) रोशन
B) भार्गव
C) प्रभाकर
D) तेजा
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which farmer produced third lowest number of crops ?

A) Roshan
B) Bhargav
C) Prabhakar
D) Theja
E) None of the above

91. सभी दिए गए किसानों द्वारा उत्पादित राई और जई के औसत के बीच अंतर ज्ञात करें ।

A) 118 B) 192
C) 156 D) 234
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Find the difference between the average of Rye produced to that of Oats produced by all the given farmers together.

A) 118 B) 192
C) 156 D) 234
E) None of the above

92. रोशन द्वारा उत्पादित कुल फसलें, भार्गव द्वारा उत्पादित कुल फसलों का लगभग कितना प्रतिशत है ?

A) 97% B) 58%
C) 72% D) 85%
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The total crops produced by Roshan is approximately what percentage of total crops produced by Bhargav ?

A) 97% B) 58%
C) 72% D) 85%
E) None of the above

93. सभी किसानों द्वारा उत्पादित कुल सरसों और कुल गेहूँ के बीच अनुपात ज्ञात करें ।

A) 229 : 175 B) 52 : 17
C) 397 : 284 D) 185 : 113
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Find the ratio between total Mustard produced to that of total Wheat produced by all the farmers.

A) 229 : 175 B) 52 : 17
C) 397 : 284 D) 185 : 113
E) None of the above

94. तेजा द्वारा उत्पादित औसत फसलें ज्ञात करें ।

A) 656 B) 738
C) 612 D) 574
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Find the average crops produced by Theja.

A) 656 B) 738
C) 612 D) 574
E) None of the above

95. एक सामाजिक घटना जिसमें समाज का एक वर्ग अपने जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं को भी पूरा करने में असमर्थ होता है, उसे _____ कहा जाता है ।

A) निरक्षरता B) असमानता
C) बेरोजगारी D) गरीबी
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

A social phenomenon in which a section of the society is unable to fulfil even its basic necessities of life is called as

A) Illiteracy B) Inequality
C) Unemployment D) Poverty
E) None of the above

96. विश्व की सबसे लंबी नदी कौन-सी है ?

A) यांग्त्ज़ी B) नाइल
C) मिसिसिपी D) अमेज़न
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The longest river in the world is

A) Yangtze B) Nile
C) Mississippi D) Amazon
E) None of the above

97. नई दिल्ली में आयोजित इंडिया ओपन बैडमिंटन 2025 में पुरुष एकल का खिताब किसने जीता ?

A) लक्ष्य सेन

B) केंटो मोमोटा

C) विक्टर एक्सेलसेन

D) ली चेउक यिउ

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who won the Men's Singles title at the India Open Badminton 2025 held in New Delhi ?

A) Lakshya Sen

B) Kento Momota

C) Viktor Axelsen

D) Lee Cheuk Yiu

E) None of the above

98. गुड़हल के पौधे का फूल है

A) नपुंसक

B) बहुत छोटा

C) एकलिंगी

D) उभयलिंगी

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The flower of the Hibiscus plant is

A) neuter

B) very small

C) unisexual

D) bisexual

E) none of the above

99. लीबिया की राजधानी क्या है ?

A) त्रिपोली

B) एम्स्टर्डम

C) पोर्ट लुइस

D) लक्जमबर्ग

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the capital of Libya ?

A) Tripoli

B) Amsterdam

C) Port Louis

D) Luxembourg

E) None of the above

100. भारत के विभाजन को ब्रिटिश सरकार द्वारा स्वीकार किए जाने की घोषणा किसने की थी ?

A) राजगोपालाचारी

B) हार्डिंग

C) लॉर्ड माउंटबैटन

D) लिनलिथगो

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who announced the British Government's acceptance of the partition of India ?

A) Rajagopalachari

B) Hardinge

C) Lord Mountbatten

D) Linlithgow

E) None of the above